F. No. 19/01/2020-C-1/2

Staff Selection Commission

……….

<u>आशुलिपिक श्रेणी 'ग' और 'घ' परीक्षा-2020: भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग में आशुलिपिक ग्रेड-II के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के संबंध में</u>।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय ने यह सूचित किया है कि आशुलिपिक श्रेणी 'ग' और 'घ' परीक्षा-2020 के माध्यम से भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग में आशुलिपिक ग्रेड-II के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की व्यक्तिगत जानकारी, राज्य की प्राथमिकता एवं सत्यापन फॉर्म संबंधित जानकारी को ऑनलाइन संग्रहित किया जायेगा। यह प्रक्रिया 07 नवंबर 2022 से प्रारंभ होगी।

2. इस संबंध में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय से प्राप्त हुए नोटिस की प्रति अभ्यर्थियों की सूचना हेतु संलग्न है।

अवर सचिव (गो.-1/2)

31.10.2022

<u>आवश्यक सूचना</u>

विषय: **भारतीय लेखापरीक्षा एवं विभाग में आशुलिपिक ग्रेड-II के रिक्त पदों को भरने हेतु आशुलिपिक ग्रेड 'सी' एवं 'डी' परीक्षा – 2020 के माध्यम से चुने गए अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक जानकारी**।

आशुलिपिक ग्रेड 'सी' एवं 'डी' परीक्षा – 2020 के माध्यम से भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के तहत कार्यालय) के आशुलिपिक ग्रेड-II के पद पर नियुक्ति के लिए नामित अभ्यर्थियों को राज्यों/ कार्यालयों का आवंटन अभ्यर्थियों की मेरिट/ रैंक, वर्गवार रिक्त पदों की संख्या तथा राज्य वरीयता के आधार पर होगा।

2. इस संबंध में विस्तृत जानकारी भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) पर उपलब्ध है। आशुलिपिक ग्रेड 'सी' एवं 'डी' परीक्षा-2020 के माध्यम से भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अधीन) में आशुलिपिक ग्रेड-II के पद पर चयनित किये गए अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि उक्त वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, राज्य की प्राथमिकता एवं सत्यापन फॉर्म संबंधित वांछित जानकारी http://cag.delhi.nic.in/statechoice पर भरें। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 07 नवंबर 2022 से प्रारंभ होगी तथा 28 नवंबर 2022 तक जारी रहेगी।

*****